गांव-गांव जाकर समस्याएं सुनेंगें, करेंगे उनका समाधान : अग्रवाल

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़ 11 अप्रैल। भाजपा ग्रामीण मंडल इंदरगढ द्वारा गाँव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम खिरका कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सेंवढा

गाँव बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम खिरका में किया आयोजन

विधायक प्रदीप अग्रवाल सम्मिलित हुये । विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष प्रवीण गौर, के अलावा बड़ी संख्या में



पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल जी श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई , तदुपरांत मंडल अध्यक्ष द्वारा विधायक एवं उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ।

विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में रही कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजो की सरकार की भांति शासन किया ,जिसमे न तो कोई विकास हुआ न ही किसी की समस्याएं सुनी फलस्वरूप देश की प्रगति नहीं हुई गांव में सड़क पानी बिजली शिक्षा स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवायें न होने से आमजन का जनजीवन अस्त वयस्त रहा । जैसे ही भाजपा सरकार देश में आई एक के बाद एक सैंकडों योजनायें हमारी भाजपा सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय अटल जी एवं माननीय मोदी जी के द्वारा जनहित में बनाई गई , जिनका लाभ जन जन तक पहुँच रहा है,अब हम लोग इस अभियान के माध्यम से गांव गांव जाकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ लोगों की जनहित की समस्याएं सुनेंगे और उनका समय सीमा में निराकरण करेंगे तभी अभियान सफल होगा । इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर निराकरण किया । कार्यक्रम का संचालन कालीचरण राजपूत के द्वारा किया गया ।

गाँव की बेटी बनी अफसर कलेक्टर ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। भांडेर विधानसभा के छोटे से गांव दुरसड़ा में किसान के घर जन्मी साधना दांगी ने डिफेंस में ऑडिटर के पद पर चयनित होकर पूरे गांव एवं जिले का नाम किया है, इस अवसर पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता का लगा हुआ है। साधना दांगी के पिता कमलेश दांगी का कहना है कि यह पल हमारे लिए बड़ा ही भावुक पल है और बेटी ने जो कारनामा किया है उससे हमारे पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। मुझे बहुत गर्व है कि मेरी बेटी को दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े जी ने सम्मानित किया। जैसे कि सबको पता है कलेक्टर साहब खुद नवोदय के छात्र रहे हैं और मेरी बेटी का भी भविष्य नवोदय विद्यालय ने ही तय किया है।

किसानों के सम्मान में अनेक योजनाओं का संचालन : पूर्व विधायक

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार किसानों के सम्मान में अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है । आज मध्य प्रदेश की मोहन यादव की सरकार किसानों के लिए उपार्जन केदो का निर्माण कर उनके लिए सभी प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है । किसान भाइयों का एक-एक अन्य का दाना मध्य प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव की सरकार खरीदेगी उक्त बात पूर्व विधायक प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पिरौनिया ने उडीना में किसान उपार्जन केन्द्र का

फीता काटकर शुभारंभ करते हुये कही इसके बाद वह उडीना मंडल के अनेक ग्रामों में च्गांव चलो बस्ती चलोज् अभियान के कार्यक्रमों में भाग लिया और हितग्राहियों से संवाद किया।

भजन और कीर्तन के माध्यम से व्यक्ति ईश्वर के और करीब पहुंचता है : महाराज

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। पंडोखर धाम पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित 30 वें पंडोखर धाम महोत्सव एवं श्री राम महायज्ञ के दौरान प्रात: काल से ही श्रीराम महायज्ञ के दौरान यज्ञाचार्य पं उमाशंकर देवलिया के आचार्यत्व में 151 विद्वानों द्वारा यज्ञ में वेद मंत्र उच्चारण कर यजमानों द्वारा पूजन हवन कार्य कराया। इसके बाद भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति की सुर लहरियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक हमसर हयात एंड ग्रुप (दिल्ली) ने अपनी मधुरं प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गुरुशरण महाराज ने इस अवसर पर कहा कि भजन और कीर्तन के माध्यम से व्यक्ति ईश्वर के और करीब पहुंचता है।

उत्तराखंड से पधारे कथा वाचक पंडित बृजराज अभिषेक वशिष्ठ ने बताया कि भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी केवल शक्ति और पराक्रम के

प्रतीक ही नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति, समर्पण और सेवा भाव के आदर्श भी हैं।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि यदि मन में सच्ची श्रद्धा और विश्वास हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। हाथीवान बाबा बरहा सरकार श्रीरामलीला मंडल द्वारा रात आठ बजे से आयोजित रामलीला में सर्व प्रथम राम दरबार की आरती मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद पटेरिया, गब्बर बाबा द्वारा की गई। उपरांत मंच के माध्यम से ताड़का वध लीला का प्रदर्शन किया गया।

जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण लाभ लें : कुशवाहा

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जिले में चलाए जा रहे गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आज शनिवार को बरौनी मंडल के ग्राम घूघसी और रावरी में चौपाल चर्चा

गांव-बस्ती चलो अभियान की ग्राम घूघसी और रावरी में चौपाल हुई आयोजित

का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा के द्वारा ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी सरकार के सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के लिए काम कर रही है सेवा

सुशासन एवं संकल्प को ध्यान में रखते हुए सभी संकल्पना को सेवा भाव से पूर्ण करने का काम कर रही है सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण जनों को लाभ मिले इस निमित्त चौपाल मैं ग्रामीण जनों से संवाद कर ग्रामीणों को अवगत कराया।

भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी नें संबोधित करते हुए कहा दतिया विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर के ग्राम भी विकास की धारा से जोड़ने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है संचालन मंडल महामंत्री राजेंद्र अहिरवार के द्वारा किया गया इस अवसर पर भाजपा ग्रामवासी योजनाओं के लाभार्थी पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

लोक अदालत एवं मीडिएशन 2.0 अभियान के अंतर्गत हुआ बैठक का आयोजन

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय चंद्र की अध्यक्षता में 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला स्थापना दतिया के समस्त न्यायाधीशगण एवं तहसील न्यायालय सेवढा एवं भांडेर के न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजित बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायाधीशगण को लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक वाद को चिन्हित किए जाने हेतु चिन्हित वाद के पक्षकार को सूचित करने के लिए नोटिस जारी किए जाने हेतु एवं प्रीसिटिंग बैठकों का आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों को चिन्हित किया जावे और संधिवार्ता द्वारा निस्तारण का प्रयास किया जावे। साथ ही सरकार के विभिन्न विभागों को सम्मिलित करते हुए विभिन्न प्रकृति के प्री लिटिगेशन प्रकरणो को भी चिन्हित किया जाए और अधिकाधिक निराकरण का प्रयास किया जा मिडिएशन फॉर नेशन 2.0 के बारे में उनके द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान का उद्देश्य विवाद समाधान के प्रभावी वैकल्पिक तंत्र के रूप में मध्यस्थता प्रक्रिया को और अधिक सशक्त किया जाना तथा उपलब्ध संस्थागत संस्थाओं के अंतर्गत मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों को निराश्रित होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित प्रकरणों को मध्यस्थ हेतु प्रेषित किए जाने की सुविधा प्रदान करना है। जिससे कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों में अपेक्षित कमी लाये जा सकने की संभावना हो सके उन्होंने कहा कि समस्त न्यायालय में लंबित ऐसे प्रकरण जिसमें की मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण होने की संभावना प्रदर्शित होती हो को चिन्हित किया जाकर मध्यस्थता हेतु प्रेषित किया जावे तथा संबंधित प्रकरणों में हुई प्रगति के संबंध में समीक्षा किए जाने के उपरांत प्रतिवेदन भी प्रेषित किया जावे। जिससे उक्त राष्ट्रव्यापी अभियान को जिला स्तर पर और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके इस अवसर पर जिला न्यायालय दतिया के न्यायाधीशगण भौतिक रूप से एवं तहसील न्यायालय सेवढा तथा भांडेर के न्यायाधीशगण वर्चुअल रूप से बैठक में उपस्थित रहे।

एक नजर में

दक्ष प्रजापति समाज की बैठक आज

दतिया । दक्ष प्रजापति समाज की महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आज 12 अप्रैल रविवार को दोपहर 4:00 बजे वृहद बैठक समाज के श्री रामचेरे बाबा मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही हैं। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष हरकिशोर प्रजापति द्वारा की जाएगी ।प्रेस को उक्त जानकारी के अनुसार बैठक में उपस्थित सकल समाज से गहन चर्चा कर महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय लेकर आंगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाना है। दक्ष प्रजापति समाज के संचालक मंडल द्वारा सभी समाजबंधुओं से विशेष आग्रह व अपील की है कि, समय पर बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

दतिया । कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे ने आदेश जारी कर प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल 2026 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में गरिमापूर्ण ढंग से समारोह पूर्व मनाया जाना है। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के साप्ताहिक कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर, विकास खंड स्तर एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं व छात्रावासों में विविध आयोजन 14 अप्रैल 2026 तक किए जावेगे।

बिजली बिल वकायादार शस्त्रधारियों को नोटिस जारी

दतिया । कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे द्वारा महाप्रबंधक विद्युत विभाग दतिया से प्राप्त सूची अनुसार 39 बकायादारों को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने नोटिस जारी कर समय देते हुए बकायादारों को अतिशीघ्र अपना विद्युत बिल जमा करने हेतु निर्देशित किया। विद्युत बिल जमा न करने की स्थिति में उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। महाप्रबंधक ने बताया कि अब तक जिले में कलेक्टर श्री वानखडे द्वारा 156 शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं। साथ ही इन निलंबन से 260 बकायादारों ने अपने बिलों का पूर्ण भुगतान कर है। उन्होंने बताया कि अन्य शेष रहे बकायादारों की सूची निरंतर अपडेड की जा रही जिसके बाद उन्हें भी नोटिस जारी किया जाएगा।

मंदिर पर प्याऊ का शुभारंभ

दतिया । जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति दतिया जन अभियान परिषद ब्लॉक दतिया के द्वारा में टाउन हॉल क्षेत्र में शंकर जी के मंदिर केपास जल शक्ति से नवभक्ति अभियान के तहत जल मंदिर/ प्याऊ का शुभारंभ जिला समन्वयक मुनेंद्र कुमार शेजवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से नगर समिति अध्यक्ष समाजसेवी कौशल पाठक नवांकुर संस्था से श्रीमती मोहिनी सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रही दतिया ब्लॉक के परामर्शदाता राम प्रसाद कोहली ,कुमारी प्रियांशी राजा बुंदेला , बृजेश वर्मा कु. रुचि गुप्ता संतोष उपाध्याय एमएसडब्ल्यू के छात्र एडवोकेट अनुवेद श्रीवास्तव प्रियंका जाटव आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों से जवारों के साथ पहुंचे भक्त

भांडेर । नगर से 3 किमी दूर रामगढ़ में विराजमान काली माता मन्दिर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है यहां धर्मप्रेमियों ने माँ के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया मन्नत मांगी। इस दौरान मेले में ग्रामीणों के लिए झूले कई मनोरंजन के साधनों के साथ अल्पाहार की स्टालें भी लगी थी।ऐसी मान्यता है कि जिस किसी ने भी माता काली के दरबार से मन्नत मांगी हो और वह पूर्ण न हुई हो, अभी तक कोई भी भक्त इस दरबार से निराश होकर नहीं गया।

शासकीय महाविद्यालय में मनाया अम्बेडकर का जयंती समारोह

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी ने डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा समस्त महाविद्यालय स्टॉफद्वारा उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को डॉ. अम्बेडकर के संदेश को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. के एस. दादोरिया जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने विद्यार्थियों को सविस्तार विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके उपरांत डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर निबंध, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता विद्यार्थियों को डॉ. अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. एस के पाण्डेय, डॉ. अभय राहुल, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. शिव सिंह, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ लाहौरीया, डॉ. रजनी सिंह निर्णायक मंडल में रहे। आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपिका दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में डॉ. जयंती अहिरवार, डॉ. रतिका, डॉ विनोद, डॉ राहुल श्रीवास्तव, डॉ चारु सिंह, डॉ मनी त्यागी, डॉ प्राची दुबे, डॉ. खुशबू, डॉ प्रकाश, डॉ. राखी शर्मा, डॉ. ज्योति जायसवाल सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

राष्ट्र जागरण मंच की संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। गायत्री परिवार चेतना केन्द्र शाखा दतिया के तत्वावधान में स्वस्थ जीवन आयाम राष्ट्र जागरण मंच प्रबुद्ध जन संगोष्ठी एवम सम्मान समारोह का आयोजन गायत्री परिवार कार्यालय सभागार भैरव मंदिर पर आयोजित किया गया,,,, कार्यक्रम की अध्यक्षता बरिष्ठ चिकित्सक साहित्यकार,,समाज सेवी डा, लखनलाल सोनी ने की,, मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत महाविद्यालय ग्वालियर प्रो डा रामेश्वर प्रसाद गुप्त मंचासीन रहे ,,, विशिष्ट अतिथि पुरात्तव विद राधा वलल्भ मिश्रा मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के आरम्भ में गायत्री बंदना प्रसिद्ध गीतकार संगीतकार,, कवि पूर्व प्रबंधक भारतीय स्टेट बैक श्री बी पी सेन जी प्रस्तुत की,,, सरस्वती बंदना,, बुंदेली कवि डा , हरिकृष्ण हरि ने प्रस्तुत की,, क तिथि सत्कार

गायत्री परिवार के भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ जिला प्रभारी डा, रमेश गुप्ता राष्ट्रीय जागरण मंच के सचिव कमल कांत शर्मा ने पुष्पहार से किया स्वागत उद्बोधन राष्ट्र जागरण मंच के अध्यक्ष एवम कार्यक्रम के संचालक पंडित हरिहर समाधिया ने वर्तमान परिपेक्ष में राष्ट्र जागरण मंच की उपयोगिता और महत्व के प्रतिपादन और राष्ट जागरण मंच,, विचार क्रांति अभियान,,, नये समाज की संरचना की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला,,, व्यक्ति निर्माण,, परिवार निर्माण राष्ट निर्माण में स्वस्थ जीवन और स्वस्थ मष्तिक की जरुरत को प्रतिपादित किया,,, सुप्रसिद्ध लेखक पंडित रामरतन शर्मा ने व्यक्ति निर्माण,, चरित्र निर्माण की आवश्यकता पर बल दियाकवि राजेन्द्र सिंह खेंगर,, कवि मनीराम शर्मा बी पी, सेन कवियत्री श्रीमती अनुराधा बुधोलिया जी का मचस्थ अतिथि गणों,,, गायत्री परिवार और राष्ट जागरण मंच के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान पत्र,, पुष्पाहार,,, शाल पहिनाकर सम्मान किया गया।

महात्मा ज्योतिबा फुले ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए काम किया : बगदा

नवभारत न्यूज

दतिया,11 अप्रैल। जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन पर शनिवार को भारत के महान विचारक एवं समाज सुधारक समाज सेवी महात्मा ज्योतिबा फुले जी एवं त्याग और शक्ति की अद्भुत मिसाल स्वतंत्रता सेनानी कस्तूरबा गांधी जी की जयंती मनाई सर्वप्रथम फुले एवं गांधी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित करे जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने कार्यकम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के लिए महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने शिक्षा के द्वार खोले है साथ ही समाज में व्याप्त आडंबर छुआछूत के विरोध में जन जागरूकता अभियान चलाया उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पहले खुद शिक्षा ग्रहण कर अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर गरीब, दुर्लभ, निर्धन, वंचित समाज को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया इस अवसर पर,जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर,अशोक श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी, आदि उपस्थित रहे।

ई-विकास पोर्टल के बगैर उर्वरक विक्रय करने वाले उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध की गई कार्यवाही

दतिया । कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे के निर्देशानुसार उपसंचालक कृषि विभाग दतिया द्वारा जिले में निजी उर्वरक विक्रेता मैसर्स पीताम्बरा पॉलीपेक सेवढा चुंगी दतिया, मैसर्स धाय महादेव ट्रेडर्स बडोनी, मैसर्स मनोज कुमार गुप्ता बडोनी, मैसर्स महादेव ट्रेडर्स रामपुराखुर्द, मैसर्स किसान कृषि सेवा केन्द्र इंदरगढ, मैसर्स मां पीताम्बरा माई खाद बीज भंडार जुझारपुर, मैसर्स दुबेजी खाद बीज विक्रय केन्द्र उदगुवा, मैसर्स मां लक्ष्मी खाद बीज भंडार बडोनी के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहित प्रावधान के तहत कार्यवाही करते हुए सभी उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है। उन्होंने जिले के समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं को भविष्य के लिए निर्देशित भी किया गया है कि समस्त प्रकार के उर्वरकों का विक्रय ई-विकास पोर्टल एवं पीओएस मशीन के द्वारा साथ-साथ किया जाए। यदि कोई भी उर्वरक विक्रेता द्वारा बगैर ई-विकास पोर्टल के केवल पीओएस मशीन से उर्वरक विक्रय करता पाया जाता है तो उर्वरक विक्रय लाइसेंस की निरस्ती संबधी कार्यवाही की जाएगी।

पशुपालन योजनाओं में घोर लापरवाही पर सख्त कार्यवाही

दतिया,11 अप्रैल। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने पशुपालन विभाग में संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरतने पर मुख्य ग्राम इकाई मुरैरा, विकासखण्ड दतिया में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी कुंवर सिंह कौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि श्री कौर द्वारा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी क्षीरधारा ग्राम योजना में शून्य प्रगति दर्ज की गई। साथ ही राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (थ्डक) के अंतर्गत मुंहपका-खुरपका बीमारी के टीकाकरण के सातवें चरण में भी शून्य उपलब्धि रही। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में भी लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं की गई।

जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि संबंधित अधिकारी द्वारा अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थित रहकर शासकीय दायित्वों की घोर उपेक्षा की गई, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हुए। बार-बार निर्देश एवं चेतावनी के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाया गया। उक्त कृत्य को गंभीर अनुशासनहीनता एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता मानते हुए कलेक्टर श्री वानखड़े द्वारा

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी निलंबित

संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।कलेक्टर श्री वानखड़े ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन से जुड़ी योजनाओं में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।